# डीआईजी के गनमैन को युवकों ने पीट-पीटकर किया लहूलुहान

## मामला दर्ज, आरोपी फरार, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना रेंज के डीआईजी सतिंदर सिंह के गनमैन पर हमला करने का मामला सामने आया है। कॉन्स्टेबल गगनदीप सिंह को दूधवाले ने अपने पिता और तीन साथियों के साथ मिलकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसका सिर फट गया और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लग गई। घायल कॉन्स्टेबल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही उक्त मामले में थाना मेहरबान की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ इरादा ए हत्या सहित अन्य कई धाराएं लगाकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें हमलावरों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।


एसएचओ जगदेव सिंह जानकारी देते हुए

जमालपुर पुलिस कॉलोनी निवासी कॉन्स्टेबल गगनदीप सिंह ने शिकायत में बताया कि 13 नवंबर को वह अपने दोस्तों प्रताप सिंह, जसप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और तुषार के साथ बलाचौर एक पुरानी कार देखने जा रहा था। मत्तेवाड़ा स्थित गढ़ी फजल रोड पर उनकी स्विफ्ट कार दूध से भरे ढोल लेकर आ रहे सिमरनजीत सिंह की बाइक से हल्की टच हो गई।इसपर सिमरनजीत सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने पिता भगवान सिंह व तीन साथियों को मौके पर बुला लिया। कॉन्स्टेबल के मुताबिक आरोपियों ने आते ही धारदार हथियारों और दूध वाली भारी ल्यूमीनियम कैनियों से उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए कॉन्स्टेबल के दोस्तों के साथ भी मारपीट की गई। हमलावर मौके से फरार हो गए, जबकि गगनदीप सिंह को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने सिर व रीढ़ की गंभीर चोट देखते हुए कॉन्स्टेबल को एक निजी न्यूरो अस्पताल में रेफर कर दिया। वह करीब सात दिन तक बेहोश रहा। होश आने के बाद पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया।

एसएचओ मेहरबान जगदेव सिंह के अनुसार आरोपियों सिमरनजीत सिंह, उसके पिता भगवान सिंह और तीन अज्ञात साथियों पर BNS की धाराएं 115(2), 117(2) (स्वेच्छा से चोट पहुँचाना), 109 (हत्या का प्रयास), 351(2), 351(3) (धमकी), 191(3) (दंगा) और 190 (साजिश) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# 21 साल से बंद पड़े शौचालय की जगह बनेगा फ्री जिम


नई बन रही जिम बिल्डिंग का निरीक्षण करते पार्षद अमन खुराना। -समर न्यूज़

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

सलेम टाबरी के पीरू बाँदा मोहल्ला वार्ड नंबर 89 के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। 21 सालों से शौचालय और अवैध कब्जों में पड़ी सरकारी जमीन पर सरकारी आधुनिक फ्री जिम के रूप में बदलने जा रही है।हल्का उत्तरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने बताया कि करीब 200 गज जगह को खाली करवाने के बाद इसे जिम के लिए विकसित किया जा रहा है, ताकि युवक-युवतियां नशे से दूर रहकर फिटनेस की ओर प्रेरित हों।जिम में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग समय, साथ ही प्रोफेशनल कोचिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 21 लाख रुपये की लागत आएगी और अगले तीन महीनों में निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। यह जिम लुधियाना में खुलने जा रहा पहला सरकारी फ्री जिम होगा। हल्का उत्तरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने बताया ये लुधियाना का पहला उत्तरी हल्के का सरकारी फ्री जिम होगा।

फिटनेस हर वर्ग के लिए जरूरी है। कई लोग निजी जिम की फीस नहीं दे पाते, ये जिम हर वर्ग लोगों के लिए बिल्कुल मुफ्त होगा। इससे आसपास के तीन वार्डों के लोगों को फायदा मिलेगा।स्थानीय निवासियों में भी उत्साह है। सालों से बेकार पड़ी सरकारी जगह अब युवाओं के स्वास्थ्य और तरक्की का केंद्र बनने जा रही है, जिससे इलाके में भी नया जोश दिखाई देने लगा है।

### लोहड़ी से पहले फिर लौटी 'कातिल चाइना डोर'

# धड़ल्ले से हो रही चाइना डोर की सप्लाई प्रशासन की कार्रवाई कागजों तक सीमित

**लुधियाना पुलिस की चेतावनी, चाइना डोर का अवैध व्यापार नहीं बख्शा जाएगा**

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

त्योहारों की रौनक के बीच एक बार फिर वही पुराना खतरा सिर उठाने लगा हैकातिल चाइना डोर। लोहड़ी से ठीक पहले लुधियाना में इस घातक धागे का अवैध कारोबार तेजी से सक्रिय हो चुका है। दुकानों में भले ही खुलेआम बिक्री न हो, लेकिन सप्लायर घर-घर डिलीवरी कर रहे हैं, वह भी बिना किसी डर या रोक-टोक के। प्रशासन की कार्रवाई केवल फॉर्मैलिटी भर लग रही है। समर एक्सप्रेस की स्टिंग ऑपरेशन टीम ने नानक नगर के एक सप्लायर से संपर्क किया। फोन पर ही उसने कीमत बता दी ₹600 गट्टू, और मोलभाव पर ₹500 में होम डिलीवरी। यानी न दुकान, न काउंटरसिर्फ मोबाइल कॉल और मिनटों में घर पहुंचती खतरनाक डोर।यह स्पष्ट संकेत है कि बाजारों की दुकानें भले बंद हों, लेकिन गुप्त सप्लाई चैन पहले से ज्यादा सक्रिय है।



**▪ चाइना डोर की वजह से हर साल**

हर साल की तरह इस साल भी खतरा वैसा ही हैबाइक सवारों की गर्दन कटना, बच्चों के चेहरे और हाथ जख्मी होना, बिजली की तारें कटकर सप्लाई बाधित होना, सैकड़ों पक्षियों की मौत, फिर भी कुछ लोग मामूली मुनाफे के लिए इस 'मौत के धंधे' को बढ़ावा दे रहे हैं।

**▪ क्या मौत के बाद ही जागेगा सिस्टम...**

इससे भी बड़ा सवाल प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर है। आखिर प्रशासन साल भर इस अवैध कारोबार पर कार्रवाई क्यों नहीं करता? पुलिस को सप्लाई चैन की पूरी जानकारी होने के बावजूद चाइना डोर पर पूरी तरह रोक क्यों नहीं लग पाती।हर साल ऐसा लगता है कि शासन-प्रशासन पहली मौत का इंतज़ार करता है और उसके बाद ही सख्ती दिखाता है। चेतावनियाँ हर वर्ष जारी होती हैं, पर ज़मीनी कार्रवाई उतनी प्रभावी दिखाई नहीं देती।

पिछले कई सालों से यही सिलसिला जारी है, पहले हादसे, फिर अफरातफरी और उसके बाद कुछ दिन की रस्म अदायगी। इस बार भी लोहड़ी की खुशियों पर खतरे की यह परछाईं फिर मंडरा रही है। इसलिए अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार प्रशासन पहले से कदम उठाएगा या एक और दुर्घटना का दर्दभरा सबक मिलने के बाद ही जागेगा।

**▪ क्या कहना है एसीपी नार्थ का**

एसीपी नार्थ किक्कर सिंह ने कहा यदि कोई चाइना डोर बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कई सरकारी विभाग पावरकॉम के मुख्य डिफॉल्टरों की सूची में शामिल

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जिसने लोगों में चर्चा तेज़ कर दी है। लुधियाना जिले के कई सरकारी विभाग पावरकॉम के मुख्य डिफॉल्टरों की सूची में शामिल पाए गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इन विभागों पर पावरकॉम का कुल 30,246.34 लाख रुपये बकाया है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है, जब पावरकॉम के अधिकारी और कर्मचारी आम लोगों के बकाया बिजली बिलों को लेकर लगातार कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। आम उपभोक्ताओं के 10,000–20,000 रुपये तक के बकाया पर बिजली कनेक्शन काटना, मीटर हटाना और ज़ब्त करना जैसी कड़ी कार्रवाईं की जा रही हैं। साथ ही, अधिकारी लोगों की किसी भी अपील या गुहार को सुनने के लिए तैयार नहीं दिखते। लेकिन दूसरी तरफ़, वही पावरकॉम ज़िले के सरकारी विभागों के प्रति बेहद नरम रवैया अपनाए बैठा है। करोड़ों रुपये के बकाया होने के बावजूद इन सरकारी कार्यालयों की बिजली काटने या मीटर हटाने का साहस अधिकारी नहीं जुटा पा रहे हैं। इससे विभाग में मौजूद दोहरे मापदंड और मानसिकता स्पष्ट झलकती है। इस गंभीर मामले पर पावरकॉम अधिकारियों का कहना है कि कई सरकारी विभाग जनहित से जुड़ी ज़रूरी और आपातकालीन सेवाएँ चलाते हैं, इसलिए उनके बिजली कनेक्शन काटना संभव नहीं है। हालांकि पावरकॉम विभाग समय-समय पर इन कार्यालयों को नोटिस भेजता रहता है और बकाया भुगतान की याद दिलाता रहता है।

# CGST विभाग की छापेमारी कारोबारी के ठिकानों पर कार्रवाई

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में आज सुबह सेंट्रल जीएसटी विभाग की टीम ने एक बड़े लोहा कारोबारीके.ए. एलॉयसके ठिकानों पर छापेमारी की। शुरुआती जानकारी के अनुसार विभाग को जांच के दौरान यह संदेह हुआ कि कारोबारी की ओर से फर्नेस चलाकर उत्पादन तो किया जा रहा था, लेकिन दस्तावेजों के आधार पर दर्शाया गया टैक्स काफी कम जमा करवाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक विभाग को कंपनी के रिकॉर्ड और फैक्ट्री दस्तावेजों में कई गड़बड़ियों का अंदेशा था, जिसके बाद कार्रवाई की योजना बनाई गई। छापेमारी करने वाली टीम में कमिश्नर स्तर के अधिकारी भी शामिल थे। जैसे ही विभाग की एक टीम कॉलेज रोड स्थित कारोबारी के आवास पर पहुंची, फैक्ट्री मालिक अपने बेटे के साथ घर से बाहर चले गए। वहीं, घर पर उनकी पत्नी मौजूद थीं, जो कंपनी की एक डायरेक्टर बताई जा रही हैं। विभागीय अधिकारियों ने वहां मौजूद दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों का कहना है कि सेंट्रल जीएसटी विभाग पिछले काफी समय से इस फर्म की गतिविधियों पर नजर रख रहा था और विभिन्न टैक्स दस्तावेजों की जांच में कई असंगतियां सामने आई थीं।समाचार लिखे जाने तक विभागीय टीम की कार्रवाई जारी थी और रिकॉर्ड की विस्तृत जांच की जा रही थी। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जांच आगे बढ़ने पर कई और खुलासे होने की संभावना है।

### • लुधियाना में डॉक्टर दंपती के घर में लूट की कोशिश नाकाम

# बीमार महिला का बहाना बनाकर घुसे हथियारबंद बदमाश

समर न्यूज़ | लुधियाना

टिब्बा रोड स्थित गोपाल नगर में डॉक्टर दंपती के घर रात हुए एक साहसिक घटनाक्रम में हथियारबंद लुटेरों की पूरी योजना महिला की बहादुरी के सामने बिखर गई। बीमार महिला का इलाज करवाने के बहाने घर में प्रवेश करने वाले छह बदमाश जैसे ही पिस्टल तानकर नकदी और सोना मांगने लगे, डॉक्टर की पत्नी ने हिम्मत दिखाते हुए एक लुटेरे को जोर का धक्का दिया और बाहर गली में भागकर शोर मचा दिया। महिला के साहस से घबराए बदमाश मौके से भाग निकले। पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। थाना टिब्बा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घटना के मुताबिक, गली नंबर 9, गोपाल नगर निवासी डॉक्टर पंकज कुमार और उनकी पत्नी घर के पास ही क्लीनिक चलाते हैं। 21 नवंबर की रात वे क्लीनिक बंद कर घर लौटे ही थे कि रात करीब 10:50 बजे दरवाजे की बेल बजी। डॉक्टर की पत्नी जब दरवाजा खोलने गईं, तो बाहर दो पुरुष एक महिला को लेकर खड़े थे। उन्होंने बताया कि महिला की छाती में तेज दर्द है, जिसके बाद डॉक्टर दंपती उसे अंदर ले आए और दवा दी। इसी दौरान बदमाशों ने किसी को फोन किया और कुछ मिनट बाद तीन और युवक पिस्टल लेकर घर में घुस आए। पंकज, जो पोलियोग्रस्त होने और हाल ही में हुए एक्सीडेंट के कारण व्हीलचेयर पर रहते हैं, उन्होंने बताया कि बदमाश आते ही उनकी पत्नी और उनके ऊपर पिस्टल तानकर नकदी और सोने की मांग करने लगे। उसी वक्त उनकी 18 वर्षीय बेटी, जो कमरे में पढ़ रही थी, शोर सुनकर चिल्लाने लगी। बेटी की आवाज पर जैसे ही बदमाशों का ध्यान उसकी ओर गया, डॉक्टर की पत्नी ने मौका देखकर एक लुटेरे को जोर का धक्का दिया, जिससे वह टेबल पर जा गिरा। पत्नी तुरंत बाहर गली में भागीं और जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। शोर सुनकर लुटेरों में भगदड़ मच गई और पकड़े जाने के डर से वे भागने लगे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें आरोपियों को ऑटो में आते-दिखते देखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।


सीसीटीवीमें भागते हुए चोर की फोटो हुई कैप्चर। -समर न्यूज़


### भाजपा पार्षद ने आप नेता पर दुर्व्यवहार और जान से मारने की धमकी का आरोप

# थाना-5 में रिपोर्ट दर्ज, सड़क निर्माण दोबारा शुरू कराने के लिए आज मेयर के साथ बैठक

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

वार्ड नंबर-73 में सोमवार को सड़क निर्माण के दौरान भाजपा पार्षद रूचि गुलाटी और आप नेता त्रिशुल औल के बीच हुई तीखी बहसबाजी के बाद इलाके में चल रहा पैच वर्क का काम रुकवा दिया गया। विवाद बढ़ने पर पार्षद ने थाना-5 में आप नेता के खिलाफ शिकायत दी है। पार्षद के अनुसार वह भारत नगर स्थित गुलमोहर होटल वाली गली में सड़क की मरम्मत करवा रही थीं तभी अशोक नगर निवासी त्रिशुल औल अपने पिता और 3–4 लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और उनसे गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि त्रिशुल ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, मजदूरों को धमकाकर काम रुकवा दिया और कमर में लगी रिवॉल्वर की ओर इशारा कर जान से मारने की धमकी दी। रूचि गुलाटी का दावा है कि त्रिशुल व उसके समर्थकों के साथ उनकी पुरानी राजनीतिक रंजिश है, क्योंकि 2024 के चुनाव में त्रिशुल की मां उनके खिलाफ उम्मीदवार थी और हार गई थी। पार्षद ने यह भी कहा कि विरोधी पक्ष पहले भी कई बार झगड़े की कोशिश कर चुका है और उनके समर्थकों पर उनकी कार को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगा चुकी हैं। पार्षद ने कहा एक महिला होने के नाते मुझे लगातार डराया-धमकाया जा रहा है। विरोधी पक्ष खुलेआम कहता है कि वह मुझे 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं करने देगा। इलाके में काम करना मुश्किल हो गया है। प्रशासन से मांग है कि बदसलूकी, गाली-गलौच और हथियार दिखाकर धमकाने के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए और मुझे व मेरे परिवार को सुरक्षा दी जाए। सोमवार रात निगम कमिश्नर के घर के बाहर पार्षद समर्थकों ने धरना भी दिया। मेयर मौके पर पहुंचीं, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। सरकारी अवकाश के चलते अब बुधवार को जोन-ए कार्यालय में मेयर की अध्यक्षता में बैठक होगी, जिसमें सड़क निर्माण दोबारा शुरू कराने पर फैसला होने की उम्मीद है।


रूचि गुलाटी।


त्रिशुल औल।

आप नेता त्रिशुल औल ने सभी आरोपों को नकारते हुए कहा मैंने पार्षद से किसी भी तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया। स्थानीय लोग सड़क पर पैच लगवाने के लिए लंबे समय से कह रहे थे लेकिन पार्षद ने सुनवाई नहीं की। विधायक से कहकर मैंने पैच के लिए गाड़ी बुलाई थी, उसी पर पार्षद भड़क गईं। बहस जरूर हुई लेकिन मेरे द्वारा गलत शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया।

हथियार दिखाने के आरोप पर त्रिशुल ने कहा पार्षद ने लाइव वीडियो बनाई है। अगर उस में मैं असला दिखाता हुआ नजर आऊं तो प्रशासन मुझ पर बनती कार्रवाई करे। और यदि ऐसा नहीं होता तो पार्षद पर मेरी राजनीतिक छवि खराब करने और पुलिस को गलत जानकारी देने पर कार्रवाई की जाए।

# पूर्व विधायक अमरीक ढिल्लों के पीए आम आदमी पार्टी में शामिल

समर न्यूज़ | समराला

समराला हलके की राजनीति में आज एक बड़ी राजनीतिक हलचल देखने को मिली। समराला हलके से चार बार कांग्रेस के टिकट पर जीत चुके पूर्व विधायक अमरीक सिंह ढिल्लों के पीए और साबका मार्केट कमेटी चेयरमैन रह चुके सुखबीर सिंह पप्पी आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर विधायक जगतार सिंह दियालपुरा के निवास स्थान पर आप समर्थकों का बड़ा जमावड़ा लगा। विधायक जगतार सिंह दियालपुरा ने बताया कि सुखबीर सिंह पप्पी, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पप्पी लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और उनका अनुभव पार्टी के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इसी संबंध में सुखबीर सिंह पप्पी ने बताया कि वे आज विधायक जगतार सिंह दियालपुरा की अगुवाई में आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं और हलके में विधायक की कार्यशैली से वे बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 30 वर्षों तक उन्होंने कांग्रेस पार्टी को अपना समय दिया। कांग्रेस छोड़ने के कारण पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हलके की कांग्रेस लीडरशिप कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर रही है, जिसके चलते कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में और भी कई कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल होंगे। गौरतलब है कि सुखबीर सिंह पप्पी लंबे समय तक पूर्व विधायक अमरीक सिंह ढिल्लों के पीए रहे हैं और समराला हलके की राजनीति में उनका अच्छा-खासा प्रभाव तथा मजबूत वोट बैंक माना जाता है। इसके अलावा वे समराला मार्केट कमेटी के चेयरमैन भी रह चुके हैं।

# लुटेरों ने युवक के सिर पर डंडा मारकर छीना मोटरसाइकिल

## • हेलमेट होते हुए भी घायल चालक

अशवनी पाहवा | लुधियाना

मोती नगर इलाके में दो लुटेरों ने एक युवक को रास्ते में रोककर उस पर हमला किया और उसकी मोटरसाइकिल छीनकर फरार हो गए। वारदात में पीड़ित के सिर पर डंडे से की गई जोरदार चोट के बावजूद वह हेलमेट होने के कारण बाल-बाल बच गया, लेकिन गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित जमशेद के अनुसार वह विश्वकर्मा कॉलोनी मंडी के पास से अपनी मोटरसाइकिल पर गुजर रहा था। इसी दौरान दो युवक अचानक उसकी बाइक के आगे आ गए और उसे रुकवा लिया। इसके बाद दोनों ने डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। जमशेद ने बताया कि हमलावरों ने उसके सिर पर इतनी जोर से वार किया कि हेलमेट के बावजूद वह सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। हमलावर उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।जमशेद ने बताया कि घटना सुबह करीब 9 बजे की है, जब वह काम पर जा रहा था। वह चंडीगढ़ रोड स्थित 33 फुटा कॉलोनी की तरफ जा रहा था और लेंटर में सरिया बांधने का काम करता है। घायल होने के बाद वह किसी तरह थाने पहुंचा और थाना मोती नगर पुलिस को शिकायत दी। इसके बाद उसका सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया गया।थाना मोती नगर के ड्यूटी अफसर अनिल कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। पुलिस आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच जारी है।

**सहूलियत**

### आनंदपुर साहिब में पंजाब सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए की थी बड़ी पहल

# संगत के लिए 23 जिलों से मिनी बसें और ई-रिक्शा की फ्री सुविधा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित तीन दिवसीय महान समागम (23, 24 और 25 नवंबर) का आयोजन श्री आनंदपुर साहिब में किया। समागम में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आवागमन की मुफ्त और हाई लेवल सुविधा का विशेष प्रबंध किया गया, जिसे श्रद्धालुओं द्वारा खूब सराहा जा रहा है।


आनंदपुर साहिब में सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ई रिक्शा की मुफ्त सुविधा। -समर न्यूज़

**▪ 23 जिलों से मिनी बसें में ई-रिक्शा रवाना...**

पंजाब के 23 जिलों से मिनी बसों और ई-रिक्शा की ड्यूटी लगाई गई ताकि श्रद्धालुओं को दर्शनों तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। लुधियाना के एआरटीओ अरुण ठाकुर के अनुसार सोमवार तक 77 ई-रिक्शा ट्रकों के माध्यम से समागम स्थल तक भेजे जा चुके थे, जो श्रद्धालुओं को पूरी तरह मुफ्त सेवा उपलब्ध करवा रहे हैं। सरकार ने सेवा में जुटे ई-रिक्शा ड्राइवरों के लिए भी बहुत ही उम्दा प्रबंध किए 1500 दिहाड़ी प्रति दिन, रात को रहने के लिए बढ़िया व्यवस्था, खाने की पूरी तरह मुफ्त सुविधा है। ड्राइवरों ने कहा कि इतने सम्मान और सुविधाओं के साथ सेवा का मौका मिलना गर्व की बात है न केवल पंजाब, बल्कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे। पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और सेवा की भावना से पूरी तरह सराबोर दिखा।

# गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलना हमारी जिंदगी का लक्ष्य : जस्सा सिंह

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

एकता मिशन की ओर से जस्सा सिंह ने समर एक्सप्रेस की टीम के साथ गुरु तेग बहादर जी के शहीदी दिवस को लेकर अपने विचार सांझा किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि पंजाब के जितने भी सरकारी अस्पताल है वहां पर एकता मिशन की ओर से रोजाना लंगर पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब को समर्पित नगर कीर्तन निकालने से ज्यादा जरूरी गुरु साहिब से सिद्धांतों पर चलना जरूरी है। तांकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी और लोगों तक गुरु साहिब का संदेश पहुंचा सके।


जस्सा सिंह के बातचीत करते।

जस्सा सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन निकालने से हमारे नौजवानों में क्या परिवर्तन आते हैं यह जानकारी लोगों को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के नौजवानों को कहा कि गुरुद्वारा साहिब में मर्यादा को कायम रखकर जाएं क्योंकि हमें भुलना नहीं चाहिए कि वह स्थान हमारे पिता जी का है जिन्होंने अपना सिर देकर हमारी रक्षा की है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 81